कुंवर रेवती रमण सिंह जी ने कहा कि कल आल पार्टीज के लीडर्स की मीटिंग हुई, विधान सभा के अध्यक्ष पद के लिये जो नामिनेशन होना था, इस बारे में सभी पार्टियों के नेतागणों की मीटिंग बुलायी गयी। आपका यह कहना है कि इस मीटिंग में जो विपक्ष के नेता हैं उनको नहीं आमंत्रित किया गया। तो मैं कुंवर रेवती रमण सिंह जी को बताना चाहूंगी या जिन्होंने इस संबंध में आपत्ति की है उनको यह बताना चाहूंगी कि मैंने इसके बारे मे पूरी जानकारी की, मैंने कल भी इस संबंध में पूछा था कि विपक्ष के नेता को इन्वीटेशन गया तो मुझे यही बताया गया कि समाजवादी पार्टी के जो सदस्यगण हैं तो उनका यह कहना है कि हमारे नेता श्री मुलायम सिंह यादव जी हैं, लेकिन चाहे श्री मुलायम सिंह यादव जी कहें कि मैं अपनी पार्टी का नेता हूं चाहे उनकी पार्टी के सदस्यगण कहें कि हमारे नेता मुलायम सिंह यादव जी हैं तो मौखिक रूप से कहने से कोई काम होने वाला नहीं है, जब तक विधान सभा सचिव के पास लिखित लेटर नहीं आयेगा, स्पीकर साहब के पास लिखित में लेटर नहीं आयेगा तो किस को बुलायें यह हमारे सामने समस्या थी, लिखित में लैटर नहीं है कि समाजवादी पार्टी के नेता कुंवर रेवती रमण सिंह जी हैं, मुलायम सिंह यादव जी हैं या ओइमवेश जी है। यह तो आप लोगों को फैसला करना है कि आपका नेता कौन हैं? आप लोगों ने जो शिकवा-शिकायत की, उसका मैंने जवाब दिया। आगे आप लोगों को शिकवा-शिकायत का मौका न मिले, मेरी आप लोगों से दरख्वास्त है कि अपने नेता का चुनाव आप जल्दी कर लें कि आपकी पार्टी का नेता कौन है ताकि हम लोग उनसे लिखत-पढ़त कर सकें। इसके साथ ही मैं इस मौके पर लम्बी चौड़ी बात न कहते हुए माननीय अध्यक्ष जी के बारे में और उनके व्यक्तित्व के बारे में बताना चाहूंगी। आप लोगों को तो मालूम ही होगा और मुझे इस बात का एहसास है कि 3 जून, 1995 को जब मैं उत्तर प्रदेश की मुख्य मंत्री बनीं और उससे पहले जब 2 जून, 1995 को हम लोगों ने मुलायम सिंह जी से समर्थन वापस लिया तथा भारतीय जनता पार्टी के सहयोग से तथा दूसरे सहयोगी पार्टियों के सहयोग से जब हमने सरकार बनायी, उस समय जब हमारे समर्थन वापस लेने से मुलायम सिंह जी की सरकार अल्पमत में आ गई थी तो उस समय उनकी जिम्मेदारी बनती थी कि

---

* नोटः–वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

उन्हें नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिये था लेकिन उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया । इतना ही नहीं, मैं किसी की आलोचना नहीं करना चाहती हूं, उस समय के जो अध्यक्ष थे,....

(कुंवर रेवती रमण सिंह के खड़े होने पर–व्यवधान)

श्री राम औतार शाक्य–

माननीय मुख्य मंत्री जी जो इस समय बात कह रही हैं वह सदन की गरिमा के अनुकूल नहीं है ।

श्री अध्यक्ष–

आप कृपा करके बैठ जाइये । आपकी बात माननीय मुख्य मंत्री जी ने मान ली है । मैंने मना कर दिया है ।

सुश्री मायावती–

माननीय अध्यक्ष जी, मैं अपनी बात रख रही थी । किसी के ऊपर टीका-टिप्पणी नहीं कर रही थी । मैं तो व्यक्तित्व के बारे में कुछ बताना चाह रही थी । मैं तो यह कह रही थी कि उस समय के जो अध्यक्ष जी थे, उन्होंने जिस तरह से सदन की गरिमा व संविधान की धज्जियां उड़ाई, वह सब आप लोगों के सामने है, उसकी उत्तर प्रदेश में ही नहीं पूरे देश ने निन्दा की थी । इसलिए मैं इस मौके पर बताना चाहती हूं कि जब हमारी सरकार आई बनी उस समय सदन को किस प्रकार चलाना है उसका सही मार्ग दर्शन मिला ।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष–

आप लोग कृपया शांत रहें । माननीय कुंवर रेवती रमण सिंह जी बाद में इसका उत्तर दे देंगे ।

सुश्री मायावती–

तो मान्यवर, ऐसी विकट परिस्थितियों में उस समय आपका एक अच्छा मार्ग दर्शन मिला था । आपके बारे में बहुत कुछ सुना है । मान्यवर, हर पार्टी के लोगों की अलग-अलग विचारधारा होती है लेकिन जहां तक आपके व्यक्तित्व का सवाल है, हर पार्टी के लोगों को मैंने यह कहते हुए सुना कि आप साफ सुथरे, संविधान की परम्पराओं पर चलने वाले और निष्पक्ष निर्णय करने वाले व्यक्ति हैं और ऐसे बढ़िया अध्यक्ष बहुत कम देखे गये हैं । हर पार्टी के नेतागण और सदस्यगण आपके कार्य से बहुत खुश हैं और जो भी एक्टीविटीज चलेंगी उसमें वह पूरा सहयोग देंगे । मेरा भी सभी सदस्यगणों से अनुरोध है कि वे पूरा सहयोग देंगे । मान्यवर, इसके साथ ही मैं यह भी कहना चाहूंगी कि जब भी इलेक्शन होता है, विधान सभा के लिए, तो कुछ न कुछ नये सदस्य चुनकर आते हैं । इसके बाद भी ऐसे बहुत से माननीय सदस्य नये आये हैं और मुझे पूरा भरोसा है और जैसा कि आपके बारे में मुझे सुनने को मिला है, आप उन नये सदस्यों को पुराने सदस्यों के साथ-साथ सुनने का अवसर देंगे । मैं ज्यादा लम्बी-चौड़ी बात न कहकर इतना ही दरख्वास्त करूंगी कि आप सभी लोग हमें पूरा सहयोग देंगे । मैंने जो

नोटः–* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया ।

बातें आपके सामने रखी हैं, हो सकता है उसमें कुछ आपको बुरी लगी होंगी कुंवर रेवती रमण सिंह जी को बुरी लगी स्वामी ओइमवेश जी को लगी होंगी, मैंने कोई बदले की भावना से यह बात नहीं कहीं थी अगर आपको बुरी लगी तो उसे न माने और अगर अच्छी लगी तो उसमें सुधार करने की कोशिश करें। इन्हीं शब्दों के साथ मैं आप सभी लोगों का शुक्रिया अदा करती हूं। धन्यवाद।

* कुंवर रेवती रमण सिंह–

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपको बधाई देता हूं कि आप इस गरिमामय सदन के दोबारा अध्यक्ष चुने गये और एक इतिहास बनाया।

और जहां तक मुझे स्मरण है, खेर साहब के बाद आप दूसरे अध्यक्ष हैं, जो दो बार अध्यक्ष चुने गये हैं। जहां तक मुझे स्मरण है, उत्तर प्रदेश विधान सभा की अपनी गरिमा और परम्परायें रही हैं। उन परम्पराओं के अनुरूप, सबसे पहले अध्यक्ष, राजर्षि पुरुषोत्तम दास टण्डन जी हुये थे। उन्होंने पहला भाषण जो अध्यक्ष के रूप में दिया था, तो उन्होंने कहा था कि अगर विधान सभा का एक भी सदस्य मेरे खिलाफ खड़े होकर विधान सभा में अविश्वास प्रकट करेगा, तो मैं इस्तीफा दे दूंगा। टण्डन जी ने एक परम्परा बनायी थी, तब से उस परम्परा के अनुरूप इस विधान सभा में सभी माननीय अध्यक्षों ने उसका पालन करने की कोशिश की। आप भी रह चुके हैं। संयोग की बात है कि टण्डन जी भी इलाहाबाद के थे और आप भी इलाहाबाद के हैं। आप सहमत होंगे कि इलाहाबाद की एक गरिमा रही है, चाहे वह राजनैतिक क्षेत्र हो, चाहे सामाजिक क्षेत्र हो, और चाहे साहित्यिक क्षेत्र हो।

मुझे उम्मीद है, जैसा कि आपका जीवन काल प्रारम्भ से ही राजनीति में रहा है। आपने विद्यार्थी जीवन से लेकर और समय-समय पर आपने अपना योगदान हर क्षेत्र में दिया है। आप इलाहाबाद के लब्ध प्रतिष्ठित अधिवक्ता हैं। प्रदेश में आपको सम्मान की दृष्टि से हर आदमी देखता है। आप इस गौरवपूर्ण आसन पर विराजमान हुये हैं,तो उसकी गरिमा और परम्परा का आप निर्वहन करेंगे और ऐसी परम्परायें बनायेंगे, जबकि पूरे देश में परम्परायें ध्वस्त होती जा रही हैं और मर्यादायें टूटती जा रही हैं, तो आपका परम्परायें बनाने में योगदान होगा। ऐसी परम्परा रही है कि अध्यक्ष होने के बाद अध्यक्ष पार्टी से अपने को असम्बद्ध कर लेता है। आप करें या न करें, यह आपका विवेक है, लेकिन मैं चाहूंगा कि आप ऐसी रूलिंग दें जो इस बात का आभास न कराये कि आप सत्ता पक्ष को बचा रहे हैं, बल्कि जो सही परम्परा है, जो नियमावली कहती है, उसके अनुरूप ही आप अपना निर्णय दें। इन शब्दों के साथ मैं कुछ अपेक्षायें भी रखता हूं।

मान्यवर, नियमावली में दिया हुआ है कि 90 दिन का सदन होना चाहिये, लेकिन विगत 15-20 सालों से सदन की परम्परा बन गयी है कि सदन का उपवेशन 90 दिन क्या 40–45 दिन ही मुश्किल से होता है। मेरा मतलब है कि 90 दिन सदन चले। तो बहुत सी समस्या है, जो जन समस्यायें हैं, उनका निराकरण इस सदन में ही हो जाये। दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि मा० मुख्य मंत्री जी ने माननीय मुलायम सिंह यादव जी का नाम इस सदन में लिया मा० मुलायम सिंह जी इस सदन के सदस्य नहीं हैं। जो इस सदन का सदस्य नहीं है, उसके बारे में आपकी टिप्पणी उचित नहीं है। तो मैं कहना

नोटः–* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

चाहता हूं कि इस परम्परा को आप देख लें, आप सदन की नेता हैं, उन परम्पराओं के निर्वाह का दायित्व आप पर है। आपने कहा कि आपकी पार्टी का नेता कौन चुना गया, पार्टी के दफ्तर में ही भिजवा दिया होता, और जो भी नेता होता वह शामिल हो जाता। जब सदन में अवरोध होता है, तो कई नेता बुला लिये जाते हैं। .....

वरिष्ठ लोगों को भी बुलाया जाता है। मैं आपको बताना चाहूंगा कि भविष्य में इस तरह की गलती न करने की कृपा करें।

एक और बात आपने कही, बड़ी फिलासफी की बात कही। 1993 और 1995 में क्या हुआ ? तो मैं बताना चाहता हूं कि डेढ़ महीने पहले आपने माननीय राज्यपाल को लिख कर दिया था कि हम बी० जे० पी० के साथ सरकार नहीं बनायेंगे और आज आपने उनके साथ सरकार बनाई है और अपने वचनों को भुला दिया है और इस प्रदेश के साथ और यहां की जनता के साथ मजाक किया है, विश्वासघात किया। (व्यवधान) उन्हीं सांप्रदायिक शक्तियों के साथ सरकार बनाई है। (व्यवधान)

श्री अध्यक्ष–

कृपया शांत रहें।

* कुंवर रेवती रमण सिंह–

जब नेता सदन बोल रहा था तो हम शांति से सुन रहे थे, सच बात आपको कड़वी क्यों लग रही है ? आपने उसके उल्टे आचरण किया है और प्रदेश की जनता ने जो आप पर विश्वास किया था, उसके विपरीत आपने आचरण किया है। आपकी कथनी और करनी में बहुत बड़ा अंतर है। 15 और 85 की बात कह कर सामने चुनाव लड़ा उसके विपरीत आपने आचरण किया है। उस पर आप विचार करें। माननीय मुलायम सिंह यादव के बारे में आपने कहा, वह हमारे नेता हैं, इस सदन में नहीं हैं (व्यवधान)

श्री अध्यक्ष–

माननीय कुंवर साहब विषयांतर हो रहे हैं (व्यवधान) कृपया शांत रहें।

कुंवर रेवती रमण सिंह–

मुलायम सिंह यादव जी हमारे नेता हैं इस बात का हमें गर्व है। एक और बात कह कर मैं अपनी बात समाप्त करूंगा। (व्यवधान)

श्री अध्यक्ष–

कृपया शांत रहें।

नोट:–* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

कुंवर रेवती रमण सिंह–

मान्यवर, आज प्रदेश के सामने बहुत सी ज्वलन्त समस्यायें हैं । गन्ना किसानों की समस्यायें हैं, आलू की समस्या हैं, पेयजल की समस्या है । आपने एक फरमान जारी कर दिया कि आलू खरीदा जायेगा । मैं आपको बताना चाहता हूं कि कहीं नहीं खरीदा जा रहा है । आपने 21 अप्रैल को इसके बाद सदन बुलाया है । आप तुरन्त सदन को बुला कर इसका निराकरण करें । यह मेरा आपसे आग्रह है । धन्यवाद ।

श्री प्रमोद कुमार–

माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय नेता सदन एवं मुख्य मंत्री जी ने तथा माननीय नेता समाजवादी पार्टी माननीय कुंवर रेवती रमण सिंह जी ने जो आपके बारे में जो विचार रखे हैं मैं उनसे अपने को प्रतिबद्ध करते हुये समझता हूं कि यह मेरे लिये अत्यंत गौरवशाली क्षण है जब आपको दुबारा इस पद पर आसीन होते देख रहा हूं । आपको इसके लिये बधाई देना चाहता हूं और शुभकामनायें भी देना चाहता हूं । यह अवसर खुशी का और शुभकामनाओं का है लेकिन मैं देख रहा हूं और मानता हूं कि अभी होली का असर लोगों पर बाकी है उसके बाद जब दुबारा बैठेगा तो अच्छे ढंग से चल सकेगा ।

मुझे आपके संदर्भ में इतना ही कहना है कि यह पद बड़ा महत्वपूर्ण है जिस पर आप आसीन हैं लेकिन यह कहने की धृष्टता मैं कर रहा हूं और निष्ठा के साथ कहना चाहता हूं कि बहुत से ऐसे लोग होते हैं जिन्हें प्रदेश और देश इस पद पर बैठने के बाद जानते हैं, बहुत से ऐसे लोग हैं जिनका सम्मान इस पद पर बैठने के बाद बढ़ता है लेकिन आप उन लोगों में से हैं जिनके इस पद पर बैठने से इस पद की गरिमा बढ़ेगी । मैं यह बहुत विश्वासपूर्वक इसलिये कह रहा हूं क्योंकि पहली बार 1991 में यहां पर जब आपने बैठकर गौरवान्वित किया है और पुनः आपको निर्विरोध निर्वाचित करके इस पद पर बैठाया है उसके लिये मैं आपको बधाई देना चाहता हूं और सम्पूर्ण सदन को भी बधाई देना अपना कर्तव्य समझता हूं । मान्यवर,विधान सभा अध्यक्ष पद के लिये आपको बधाई देना ही पर्याप्त नहीं है, इसके लिये सम्पूर्ण सदन को बधाई मिलनी चाहिये क्योंकि कुछ दिनों पहले यह लग रहा था कि कुछ माननीय सदस्य जो पहली बार चुन कर आये हैं वह बिना इस सभा मण्डप को देखे ही लौट जायेंगे और दुबारा चुनाव हो जायेगा ।

आपको इस पद पर बैठाकर अब यह सभी कम से कम 6 महीने के लिये बच गये हैं । यह सदन चलेगा 6 महीनों के बाद मैं गारंटी नहीं लेता क्योंकि जो विरोधाभास वाली सरकार होती है वह चला नहीं करती है । हम चाहेंगे कि मुख्य मंत्री जी 2-3-4 साल बनी रहें और इस पद पर मजबूती के साथ जमी रहें, हमारा समर्थन रहेगा । लेकिन यह जो उल्टा पल्टी का खेल है यह ज्यादा चलने वाला नहीं है । मैं आपके संदर्भ में दो बातें अवश्य कहना चाहता हूं । मैंने आपको अध्यक्ष के रूप में ही नहीं देखा है, मैंने आपको अधिवक्ता के रूप में भी देखा है । अधिवक्ता के रूप में आपके साथ इलाहाबाद उच्च न्यायालय मे कार्य करने का अवसर मिला था । मैं आपकी योग्यता को बहुत दिनों से जानता हूं । मुझे विश्वास है कि जिस प्रकार आप न्याय पालिका में सम्मान की दृष्टि से देखे जाते थे, न्यायिक पीठ पर बैठे हुए न्यायाधीशगण आपकी बातों का सम्मान करते थे और आपको सुनने के बाद कभी रिकार्ड चेक नहीं किया जाता था उसी प्रकार मुझे यहां विश्वास है कि आप यहां की गौरवशाली परम्पराओं को कायम

रखेंगे और आप बोलेंगे तो हमें ऐसा लगेगा कि सम्पूर्ण सदन बोल रहा है और कम से कम विपक्ष की आवाज बोल रही है।

अभी आदरणीय कुंवर रेवती रमण जी बोल रहे थे वह हमारे बड़े भाई हैं मुझसे ज्यादा अनुभवी हैं उन्होंने कहा कि आप श्री ए० जी० खेर के बाद दूसरी बार बैठे हैं। मैं समझता हूं कि इस पीठ पर स्व० पुरुषोत्तम दास टण्डन जी भी दो बार बैठ चुके हैं। दोनों की बड़ी ख्याति है। इस पीठ का इतिहास बड़ा गरिमामय रहा है। राजर्षि पुरुषोत्तम दास टण्डन जी से शुरू होकर श्री बी० आर० वर्मा पर आकर यह क्रम रुक गया था। मैं कहना चाहता हूं इस पीठ पर बैठे हुए लोगों ने गरिमा स्थापित की उसी तरह श्री बी० आर० वर्मा ने अपने अल्प समय और कम उम्र में लोगों का विश्वास जीत लिया था और एक स्वस्थ तथा शानदार परम्परा डाली। अब मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि सभी अध्यक्ष जो यहां पर बैठे हैं उन सभी ने अपने कर्तव्यों का पालन किया है। आपका दायित्व और बढ़ जाता है, आप अध्यक्ष के रूप में यहां बैठे हैं आप सम्पूर्ण सदन के गार्जियन, संरक्षक के रूप में यहां बैठे हैं। वहां पर बैठकर एक तरफ तो आपको सरकार को चलाने में सहयोग देना है वहीं आपको यह नहीं भूलना है कि हम जो विरोधी दल के लोग यहां बैठे हैं उनके अधिकारों को आपको संरक्षण देना है। हम सब अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें उसके लिये आपको एक सुयोग्य वातावरण बनाना पड़ेगा।

मुझे याद आता है कि जब मुख्य मंत्री के रूप में श्री कल्याण सिंह जी उधर बैठे हुए थे तो गाजीपुर का एक प्रकरण यहां पर आया था। उस समय सरकार उसको बचाने में खड़ी हुई थी। हमारी संख्या नगण्य थी। मैंने आपको उस पीठ से ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए देखा जहां आपने इन्क्वायरी का आर्डर ही नहीं दिया था बल्कि पूरा न्याय दिलाया था। कदाचित भविष्य में ऐसा अवसर आये तो हम आपसे उसी प्रकार न्याय की अपेक्षा करते हैं। मैं एक सुझाव देना चाहता हूं। वह सुझाव यह है, आप मुझे अपना मित्र मानेंगे, मैं मित्र के रूप में गलत सुझाव आपको नहीं दूंगा, मेरा सुझाव है कि आप उधर देखना बंद कर दें। आप आगे उधर ज्यादा देखना व सुनना बंद कर देंगे और हमारी बात ज्यादा सुनेंगे तो आप तीसरी बार भी अध्यक्ष बन जायेंगे। अगर आप हमारे अधिकारों की रक्षा नहीं करेंगे, उधर देखेंगे तो आपको कष्ट होगा। जो सरकार यहां बैठी है, मायावती जी हमारे साथ चुनावी गठबंधन करके लड़ी थीं। हमारा पूरा सहयोग उनके साथ है लेकिन जो उनके नये सहयोगी बैठे हैं उनके बारे में इतना ही कहना चाहूंगा कि यह पूरे समय किसी का साथ नहीं देते हैं। राखी का बन्धन तोड़ने में ज्यादा समय नहीं लगाते हैं। यह कितने दिन साथ देते हैं यह तो पता नहीं पर सहयोग दें।

मान्यवर, आप बड़े अच्छे और योग्य हैं। लेकिन एक अपवाद है जब आप इस कुर्सी पर बैठ जाते हैं तो पांच साल का कार्य पूरा नहीं कर पाते हैं। आप इस कुर्सी पर बैठे हैं तो पांच साल अवश्य चल जाय। मुझे पंडित जवाहर लाल नेहरू जी की एक उक्ति याद आ गई उसके साथ ही मैं अपनी बात समाप्त करूंगा। 8 मार्च, 1958 को तत्कालीन प्रधान मंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू जी ने कहा था कि "अध्यक्ष सदन का प्रतिनिधि है। वह सदन की गरिमा और उसकी स्वायत्तता का प्रतीक भी है और चूंकि वह राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करता है तो एक तरह से अध्यक्ष राष्ट्र की स्वायत्तता का और आजादी का प्रतीक बन जाता है। अतः यह उचित ही है कि अध्यक्ष का पद सम्मानित है। उसकी स्वायत्तता स्वतंत्र है। उस पर ऐसा व्यक्ति आसीन होना चाहिए जो असाधारण रूप से योग्य तथा अनुभवी हो।

मान्यवर, स्पीकर शब्द में एक विरोधाभास है स्पीकर एक मात्र सदस्य है जो वाद-विवाद में भाग नहीं लेता है। ऐसा क्षण कभी भी न आये कि आपको लाउडस्पीकर बनना पड़े। आप जो कहे वह हम सब स्वीकार कर सकें। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि हमारा पूर्ण सहयोग सदन की कार्यवाही चलाने में रहेगा। मैं माननीय नेता सदन को भी पूर्ण विश्वास दिलाता हूं कि हम सब सदन की कार्यवाही में सहयोग करेंगे। इन्हीं शब्दों के साथ मैं एक बार फिर से आपको बधाई देता हूं।

*श्री कौकब हमीद–

मान्यवर, मैं धन्यवाद देता हूं कि श्री स्वामी ओइमवेश जी को कि उन्होंने पर्चा वापस लेकर एक ऐसा माहौल बना दिया जिसमें सब आराम और इत्मीनान के साथ निष्पक्ष स्पीकर का चयन कर सके। यह विधान सभा एक ऐतिहासिक विधान सभा है। इसने अपने ही देश में नहीं मगर और मुल्कों में भी प्रधान मंत्री दिये हैं। इसका गौरव बढ़ जाता है कि इतना ऐतिहासिक गौरवशाली इतिहास और किसी मुल्क का नहीं है तो कोई गलत बात न होगी। आज इतिहास बनता जाता है और इतिहासकार लिखते जाते हैं। 1991 में आपने एक इतिहास बनाया। हम लोगों ने या बहुत लोगों ने जिन्होंने सुना ही सुना था 1991 में देखा भी। हर आदमी हर विधायक आपके निर्णय से खुश था। आज आपको दोबारा अध्यक्ष चुने जाने पर खुश हैं। आपसे अच्छा बेहतर अध्यक्ष नहीं हो सकता। मान्यवर, मैं आपके दोबारा यहां पर अध्यक्ष चुने जाने के बारे में मुबारकबाद देता हूं और उम्मीद करता हूं कि जो परम्परा टूट रही है, खत्म हो रही हैं। जैसा कि हम पिछले कुछ सालों से देखते आ रहे हैं उन्हें दोबारा बरकरार रखें। जो विधायक नये आये हैं या जो पुराने हैं जिन्होंने पुराना अच्छा वक्त देखा है दोबारा अच्छे वातावरण में बैठकर आप जो भी निर्णय देंगे उसे मानेंगे। आपको अपने व अपने दल की ओर से बधाई देता हूं।

*श्री राम आसरे पासवान–

मान्यवर, मैं धन्यवाद देता हूं स्वामी ओइमवेश जी को कि उन्होंने अपना नाम वापस लिया। मान्यवर, आप न्याय के धनी रहे हैं। आप दोबारा अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठे हैं। आप इस कुर्सी पर बैठते हैं तो ऐसा लगता है कि अध्यक्ष होने के बाद कुर्सी आपसे दब गई। सम्पूर्ण आदरणीय सदन के सभी सदस्यों की भावनाओं को आदर देने का ध्यान आपने दिया। मान्यवर, मुझे आशा और विश्वास है कि आप अपनी पवित्रता से इस आदरणीय सदन को अच्छी दिशा देंगे। जो इस सदन की परम्परायें और मर्यादायें हैं वह पूरे हिन्दुस्तान में कायम रहेंगी। इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपका अभिनन्दन करता हूं।

नोट :–* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

श्री रामजग–

माननीय अध्यक्ष जी, हमारे सदन की नेता माननीया मुख्य मंत्री मायावती जी, कुंवर रेवती रमण जी, हमारे कांग्रेस आई के नेता प्रमोद कुमार जी, जनता दल के नेता, किसान कामगार पार्टी के नेतागण एवं सम्मानित साथियों आज मैं इस विधान सभा का अध्यक्ष चुनने पर अध्यक्ष जी को इस मायने में बधाई देना चाहता हूं कि जब मैं विधान सभा का सदस्य नहीं था तो आपकी बहुत तारीफ सुनता था। आज आप निर्विरोध चुने गये हैं आपकी जिम्मेदारी बहुत बड़ी है। आप उस विधान सभा के अध्यक्ष हैं जिस पर पूरे प्रदेश की आंखें लगी हुई हैं। आप विधान सभा में आयेंगे आपके सामने विकट परिस्थितियां आयेंगी।

आज जब माननीय मुख्य मंत्री मायावती जी बोल रही थी तो विपक्ष की ओर से कोई शोर नहीं हुआ सत्ता पक्ष की ओर से शोर शुरू हो गया उस समय मुझे बड़ा कष्ट हुआ और कष्ट इसलिये हुआ कि यह संसदीय क्षेत्र में अच्छी बात नहीं है। यह बात कहना चाहूंगा कि पूरे प्रदेश में यह परम्परा रही है इस कुर्सी पर बहुत से लोग विराजमान भी हुए हैं। आप इस कुर्सी पर विराजमान हुए हैं मुझे बहुत खुशी है। मुझे आशा है सदन में जब भी विकट परिस्थितियां आयेंगी आप सदन को कड़ाई से चलायेंगे। सभी माननीय सदस्य हैं कुछ सत्ता पक्ष के सदस्य हैं कुछ विपक्ष के हैं माननीय अध्यक्ष जी बैठे हुए हैं अगर कोई माननीय सदस्य गलत ढंग से बोल रहा है तो उसको आप रोकेंगे। सत्ता पक्ष की तरफ से भविष्य में ऐसे मौकों पर सत्ता का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए। ऐसी हमको उम्मीद है। अन्त में मैं अपनी तरफ से और अपनी पार्टी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की ओर से आपका हार्दिक अभिनन्दन करता हूं।

श्री रघुवर दयाल वर्मा–

मानीनय नेता सदन, माननीय नेता प्रतिपक्ष, माननीय नेता कांग्रेस पार्टी, श्री ओइमवेश, कौकब हमीद साहब, मानीनय नेता जनता दल, माननीय नेता कम्युनिस्ट पार्टी, ने आपके संदर्भ में आपके व्यक्तित्व के संदर्भ में जो बातें यहां रखी हैं उनसे मैं अपने को सम्बद्ध करता हूं। आज उत्तर प्रदेश की विधान सभा धन्य है कि आप जैसे व्यक्ति को अपने सदन का अध्यक्ष बनाया। आप जैसा योग्य व्यक्ति, निष्ठावन व्यक्ति, चरित्रवान व्यक्ति, आप जैसे व्यक्ति को विधान सभा की मर्यादाओं को सदन में प्रतिपादित करने का कार्य, माननीय सदन द्वारा आपको सौंपा गया है। मुझे उम्मीद है कि आप जैसे व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति निश्चित रूप से विधान सभा की मर्यादा को मर्यादा के रूप में बांधकर इस सदन की प्रतिष्ठा को बढ़ाने का काम करेंगे। जो इसी कार्यकाल में सदन में ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न हुई कि सदन हुड़दंग का अड्डा बन गया सदन में अपनी बात कहने में, डंडे और बल का प्रयोग होता है यह संविधान और विधान की गरिमा के अनुकूल नहीं होता है।

नोट :–* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

जिस पद पर आप बैठे हैं उस पद पर कई योग्य व्यक्ति बैठे हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि आप जैसा व्यक्तित्व निश्चित रूप से परम्पराओं का निर्वहन करेगा। आपके निर्देशन में जो पारदर्शिता होगी उससे हमारे सदन ही नहीं सम्पूर्ण देश की विधान सभा में यह गूंज होगी कि आपके निर्देशन में पारदर्शिता है और आपके निर्णय पारदर्शी हैं जिससे आगे आने वाले लोग उनका अनुसरण करेंगे। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि इस सदन को चलाने में हमारे दल की तरफ से और माननीय साथियों की तरफ से आपको पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा और सभी को आपके प्रति पूरा विश्वास है। मेरी शुभकामनाएं आपके साथ हैं। मेरी प्रार्थना है कि इस सदन को चलाने में आप अपनी गरिमा के अनुकूल कार्य करें।

श्री अध्यक्ष–

माननीया मुख्य मंत्री जी कुछ कहना चाहती हैं।

श्री जगदम्बिका पाल–

मान्यवर, आपने अभी हमारा नाम बुलाया था।

श्री अध्यक्ष–

माननीया मुख्य मंत्री जी अपनी बात कह लें उसके बाद आप बोलें।

सुश्री मायावती–

माननीय अध्यक्ष जी मुझे दुबारा बोलने के लिए वैसे तो खड़ी नहीं होना चाहिए था। लेकिन बहुजन समाज पार्टी के बारे में जो गलतफहमी सदन में पैदा की गयी है, उसको सदन के बीच में स्पष्ट करना मैंने मुनासिब समझा। बहुजन समाज पार्टी के बारे में यह कहा गया कि बहुजन समाज पार्टी ने गवर्नर साहब को यह लेटर लिखा था कि हम भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर सरकार नहीं बनायेंगे। मैं इस संबंध में आपके माध्यम से उस गलतफहमी को दूर करना चाहूंगी। गवर्नर साहब को राष्ट्रपति शासन के दौरान जो भी लेटर किसी भी पार्टी की तरफ से लिखे गये हैं उनका सबूत तो गवर्नर साहब के यहां रिकार्ड में मिलेगा। लेकिन जहां तक मेरा सवाल है हमने इस किस्म का कोई लेटर गवर्नर साहब को नहीं लिखा था। हमने केवल एक ही लेटर विधान सभा चुनाव के नतीजे के बाद लिखा था उसमें हमने लिखा था कि बहुजन समाज पार्टी की नेता चुनने के बाद विधायकों की ओर से और बहुजन समाज पार्टी की ओर से उत्तर प्रदेश में किसी भी पार्टी को चाहे वह यूनाइटेड फ्रंट हो या उसका कोई घटक हो या कोई और पार्टी हो। बहुजन समाज पार्टी किसी भी पार्टी को सरकार बनाने के लिए समर्थन नहीं देगी। यदि बहुजन समाज पार्टी को कोई भी पार्टी सरकार बनाने के लिए समर्थन देती है तो बहुजन समाज के हित में सरकार बनाने के लिए पार्टी गम्भीरता पूर्वक सोच विचार करेगी। यह लेटर हमने उन हालात में लिखा था। लेकिन अक्टूबर के महीने से जब लेटर लिखा गया था अब के हालात में काफी अन्तर आ गया था। उत्तर प्रदेश के जो हालात बिगड़े हैं, उत्तर प्रदेश की जो कानून व्यवस्था बिगड़ी है, उत्तर प्रदेश में जुल्म ज्यादतियां, अत्याचार, अन्याय जो बड़े पैमाने पर बढ़ा है। गुण्डागर्दी, माफियागर्दी जो बढ़ी है, वह उत्तर प्रदेश की जनता को अच्छी प्रकार से मालूम है। माननीय अध्यक्ष जी आपको बताना चाहूंगी कि हम लोगों ने 1995 में भारतीय जनता पार्टी के सहयोग से सरकार क्यों

नोट :– * वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

बनायी थी ? हमें मालूम है कि हर पार्टी की अलग-अलग विचारधारा होती है, विचारधारा अलग-अलग होने के बावजूद भी जब जनता का सवाल आता है, दबे-कुचले समाज का सवाल आता है, देश के सबसे बड़े प्रदेश के हित का सवाल आता है, बहुजन समाज का सवाल आता है तो उस समय उत्तर प्रदेश या किसी भी प्रदेश में यदि इस किस्म की परिस्थिति पैदा हो जाये तो उस प्रदेश की जनता को सबसे प्रिय मानकर हमें फैसला लेना चाहिए ।

(समय 4 बजकर 5 मिनट)

वर्ष 1995 में जब उत्तर प्रदेश के हालात खराब थे तो हमने उस मौके पर दबे कुचले के हित में और उत्तर प्रदेश की जनता के हित में भारतीय जनता पार्टी से सहयोग लेकर सरकार बनाने का फैसला लिया, लेकिन उस दौरान सरकार ज्यादा दिन नहीं चली । बार-बार यह कहा जाता है कि यह सरकार कितने दिन चलेगी । मैं आपके माध्यम से सदन को यह बताना चाहूंगी कि जब हम उत्तर प्रदेश की बात कहते हैं तो हम कहते हैं कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा प्रदेश है और इस प्रदेश से 425 एम० एल० ए० चुनकर आते हैं । काफी बड़ा परिवार है । एक बड़े परिवार को जब लेकर चलते हैं तो कभी-कभी मनमुटाव हो जाता है, वह हमेशा नहीं रहता है , कुछ समय बाद खत्म हो जाता है और पुनः प्यार-मोहब्बत पैदा हो जाता है । 1995 में भारतीय जनता पार्टी ने सरकार बनाने के लिए सहयोग दिया, बढ़िया सहयोग दिया, लेकिन जिस प्रकार एक बड़े परिवार में कभी-कभी मन-मुटाव हो जाता है और मन-मुटाव खत्म होने पर पुनः प्यार-मोहब्बत व भाई-चारे का वातावरण पैदा हो जाता है । मन-मुटाव खत्म होने पर यह भाई-चारे का वातावरण पैदा हुआ है । जहां तक वर्तमान स्थिति का सवाल है, मैं बताना चाहूंगी कि 1995 में हमने भारतीय जनता पार्टी से बाहर से सहयोग लेकर सरकार बनाने का फैसला लिया, उस समय दूसरी पार्टी ने भी सहयोग दिया ।

अक्टूबर के महीने में जब चिट्ठी लिखी थी वह कुछ और थी । अक्टूबर के बाद स्थितियां बिगड़ी हैं, सभी को मालूम है कि उत्तर प्रदेश में माफियागर्दी, गुण्डागर्दी बढ़ी है । इसीलिए उत्तर प्रदेश के दबे-कुचले लोगों के हित में सरकार बनाने का फैसला लिया । यह बात मैंने स्पष्ट करना मुनासिब समझा है । माननीय प्रमोद कुमार जी की दिल से शुक्रिया अदा करती हूं कि उन्होंने जो मुझे सहयोग देने का आश्वासन दिया है । मैं उनसे उम्मीद करती हूं कि आगे भी सहयोग मिलता रहेगा ।

श्री राम औतार शाक्य–

मान्यवर, माफियागर्दी और गुण्डागर्दी की परिभाषा माननीय मुख्य मंत्री जी से करवा दें ।

श्री अध्यक्ष–

आप बैठ जायें, परिभाषा किसी दिन सदन में करवा देंगे ।

[मा० नेता अखिल भारतीय कांग्रेस (तिवारी) श्री जगदम्बिका पाल का नाम पुकारे जाने पर ।

श्री जगदम्बिका पाल–

श्रीमन्, आपने इस निर्वाचन के अवसर पर तिवारी कांग्रेस का उल्लेख किया था और तिवारी कांग्रेस की तरफ से पुकारा था ।

नोट :– * वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया ।

[सत्ता पक्ष के सदस्यों ने श्री जगदम्बिका पाल के बोलने पर आपत्ति करते हुए कहा कि तिवारी कांग्रेस का विलय अखिल भारतीय कांग्रेस (आई) में हो गया है, इसलिए श्री जगदम्बिका पाल, तिवारी कांग्रेस के नेता नहीं रहे।]

श्री अध्यक्ष–

अभी विधान सभा में विलय के बारे में कोई निर्णय नहीं है इसलिए श्री जगदम्बिका पाल जी बोल रहे हैं।

(सत्ता पक्ष के सदस्यों की ओर से व्यवधान किये जाने पर)

*श्री जगदम्बिका पाल–

मान्यवर, हम लोग नेता सदन का बहुत धैर्यपूर्वक सुन रहे थे, कम से कम इन लोगों को मेरे बोलने में व्यवधान नहीं करना चाहिए।

श्री अध्यक्ष–

विधान सभा के अभिलेखों में जो संख्या जिस दल की है, उसके अनुसार मैं बुला रहा हूं।

श्री जगदम्बिका पाल–

मान्यवर, माननीय सदस्य बहुत पुराने सदस्य हैं। आपने मुझे विधान सभा सचिवालय के अभिलेखों तथा अपनी व्यवस्था के परिपेक्ष्य में बुलाया है। मैं सभी दलों के नेताओं द्वारा आपके प्रति दी गयी शुभकामनाओं से अपने को सम्बद्ध करता हूं। मुझे तिवारी कांग्रेस के नेता के रूप में पुकारा गया है, इस संबंध में मैं सम्मानित सदन के समक्ष निवेदन करना चाहता हूं कि विगत 17 फरवरी, 1997 को अखिल भारतीय इन्दिरा कांग्रेस (तिवारी) के चारों सदस्य श्री हरि शंकर तिवारी, श्री श्याम सुन्दर शर्मा, श्री के० सी० सिंह और स्वयं मैं, चारों ने संयुक्त रूप से लिखकर तत्कालीन माननीय अध्यक्ष जी को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में विलय करने का प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया था, उस समय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के हमारे सम्मानित नेता प्रमोद कुमार जी भी थे। आज हम चारों सदस्य यहां उपस्थित हैं, आज एक बार फिर हम सब लोग भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में विलय करने की घोषणा करते हैं। इस संबंध में केवल एक अनुरोध है, आज ही आप इस कुर्सी पर बैठे हैं, मैं अपने इन चारों लोगों के विलय की सूचना आपके पास लिखित रूप में भिजवा रहा हूं, इस पर आप सबसे पहले अपनी व्यवस्था देने की कृपा करें। आप इससे पूर्व भी जब इस कुर्सी पर बैठे हैं, आप निष्पक्ष रहे हैं और अपनी निष्पक्षता के कारण आपने इस सदन का विश्वास अर्जित किया है। इस मामले में आपके निर्णय में एक बार फिर निष्पक्षता प्रतीत होगी, ऐसा हम सबका विश्वास है। मैं लिखित रूप से आपके पास भिजवा रहा हूं, कृपया व्यवस्था देने की कृपा करें। अन्त में एक बार पुनः मैं आपको अपनी बधाई देता हूं।

श्री अध्यक्ष–

विधान सभा सचिवालय में इस आशय की सूचना पहले प्राप्त हुई थी, परन्तु मेरे पूर्वाधिकारी माननीय श्री बी० आर० वर्मा जी ने इस बात को देखते हुए कि नई विधान सभा गठित होने वाली है

नोट :– * वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

उस पर कोई फैसला नहीं लिया था और आपकी उस प्रार्थना को विचाराधीन रखा था, अब उचित समय आने पर इस संबंध में फैसला किया जायेगा।

श्री प्रमोद कुमार–

मान्यवर, मैं सम्पूर्ण सदन को साक्षी बना रहा हूं और कहना चाहता हूं कि यही उचित समय है, आप इस संबंध में कृपया अपनी व्यवस्था देने की कृपा करें।

श्री अध्यक्ष–

आपने अपनी बात कह दी है, मैं नियमावली के अनुसार निर्णय लूंगा।

(श्री राजेन्द्र सिंह तथा श्री प्रीतम राम का नाम पुकारे जाने पर वह सदन में उपस्थित नहीं थे)

आवास एवं नगर विकास मंत्री (श्री लाल जी टण्डन)–

मान्यवर, पहले इस बात का फैसला हो जाय कि माननीय प्रमोद कुमार और नरेश अग्रवाल में कांग्रेस का नेता कौन है ?

श्री प्रमोद कुमार–

मान्यवर, मैं टण्डन जी को बधाई देना चाहता हूं कि इन्होंने अटल जी का सहारा लेकर माननीय कल्याण सिंह को चित्त कर दिया है, इसके लिये मैं इन्हें बधाई देता हूं।

श्री गौरीशंकर (एडवोकेट)–

माननीय अध्यक्ष जी, आज हम सब अभिभूत हैं आपको इस आसन पर विराजमान देखकर, और आभारी हूं अपने साथी ओइमवेश जी का जिन्होंने अपना नाम वापस लेकर पुरानी परिपाटी को निभाया है इसके लिये मैं उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता हूं। श्रीमन्, आप इस पद पर विराजमान हैं यह मेरे लिये गौरव की बात इसलिये भी है कि मैं एक वकील हूं और एक ब्रदर लाइयर को कितनी खुशी हो रही है उसको मैं शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकता हूं। श्रीमन्, आप पुराने पार्लियामेन्टेरियन हैं और बहुत अनुभवी हैं इतने वर्षों में मुझे भी आपका सानिध्य मिला है। मेरा यह छठा टर्म है मैंने आपके साथ रहकर जो सीखा है, जो पाया है उसके लिये मैं एक श्लोक में अपनी बात कहना चाहता हूं—

"विद्वत्वं च नृपत्वं च नैव तुल्य कदाचन्।
स्वदेशे पूज्यते राजा विद्वान् सर्वत्र पूज्यते॥"

(पंचतंत्र 2/59)

अर्थात विद्वान में और राजा में कोई समता नहीं हो सकती क्योंकि राजा की पूजा उसके राज में ही होती है जबकि विद्वान की पूजा सब जगह होती है। यह श्लोक आपके व्यक्तित्व के अनुरूप है इसको मैं प्रासंगिक समझता हूं। श्रीमन्, पुरुषोत्तम जी के बाद, खेर साहब के बाद जो हमने पढ़ा है और जो इस माननीय सदन के पुराने साथी हैं उन्होंने जो जानकारी दी है और जो मेरा अनुभव है उसमें इन दो महान व्यक्तित्वों के बाद आप इस पद पर विराजमान हैं। पहली बार 1991 में आप निर्वाचित हुए थे और उसके बाद 1993 तक रहे और उस समय जैसे आपने इस पद को सुशोभित किया था और उसके बाद पुनः इस पर आसीन हुए हैं यह हम सबके लिये सौभाग्य की बात है। श्रीमन् हमारे जो पुराने व्यक्तित्व

हैं उनके द्वारा जो रास्ता दिखाया गया है आप न केवल उन पर चलेंगे बल्कि कीर्तिमान स्थापित करेंगे। आपने विदेश में भी जाकर इस सदन की गरिमा को बढ़ाया है।

श्रीमन्, 1974 में जब मैं सबसे कम उम्र का विधायक चुनकर यहां आया था तो हमारी क्यूरीसिटी थी जानने की कि पहली बार हाउस बैठता है तो क्या होता है और वह दिन मुझे आज भी याद है। उसी तरह से जो विधायक पहली बार चुनकर आये हैं और इस कार्यवाही में भाग ले रहे हैं उनके मन में स्पन्दन हो रहा होगा, उनको कितना अच्छा लग रहा होगा इसकी अनुभूति मुझे 1974 से है। श्रीमन्, आप न केवल एक अच्छे वकील हैं बल्कि एक अच्छे पार्लियामेन्टेरियन भी हैं। मुझे अच्छी तरह से याद है जब आप 1977 में संस्थागत वित्त विभाग के मंत्री थे तो पहली बार सेल्स टैक्स के सरलीकरण की समिति बनी थी उसका मैं एक सदस्य रहा हूं और मैंने आपके कार्य को देखा है। स्वयं जब मैं मंत्री रहा हूं तो आपने मेरा मार्गदर्शन किया है उसको मैं भूल नहीं सकता हूं। इलाहाबाद विश्वविद्यालय से एम० ए०, एल-एल० बी० करने के बाद उस विश्वविद्यालय का रिश्ता भी आपके साथ है।

श्रीमन्, मैं नहीं चाहता था कि आज के दिन कोई टीका टिप्पणी होती, आज के दिन यह व्यंग्यबाण न चलते तो अच्छा ही होता लेकिन व्यंगबाण दोनों ओर से चले और ऐसा लग रहा था कि दूसरे दिन हाउस ही नहीं होगा अभी तो गवर्नर साहब का अभिभाषण होगा और उसके बाद हाउस होगा उसमें यह बातें कही जा सकती थी और जितना आक्रोश है वह निकाला जा सकता था। आज का दिन तो समरसता और प्यार मोहब्बत को जोड़ने का था। भर्तृहरि जी का एक श्लोक मैं आपको समर्पित कर रहा हूं--

"रे रे चातक सावधानमनसा मित्र क्षणं श्रूयता-
मम्भोदा बहवो बसन्ति गगने सर्वेऽपि नैतादृशाः।
केचिद्वृष्टिभिरार्द्रयन्ति वसुधां गर्जन्ति केचिद्वृथा-
यंयं पश्यसि तस्य तस्य पुरतोमा ब्रूहिदीनंवचः॥"

भर्तृहरि जी का यह श्लोक आज आपके परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिक है और इसे इसीलिये उद्धृत किया है अन्योक्ति के रूप में इस व्याख्या के साथ कि हे मित्र पपीहा सावधान मन से थोड़ी देर सुन। आकाश में बहुत से बादल हैं लेकिन सभी एक से नहीं हैं। कुछ तो वर्षा करके पृथ्वी को गीला कर देते हैं और कुछ व्यर्थ की गर्जना करते हैं।

इसलिए हे मित्र पपीहा। तुम जिस जिस को देखते हो उस उस के आगे दीन वाणी मत कहो – अर्थात तुम केवल उस भरे हुए बादल से याचना करो जो तुम्हें स्वाति की बूंदें दे सके और तुम्हारी प्यास बुझा सके।

आज हम सदस्यगण जो जन समस्या रूपी प्यास से प्यासे हैं उस प्यास हेतु हम आप जैसे भरे हुए बादल की ओर याचक दृष्टि से देख रहे हैं कि जन समस्याओं रूपी हमारी प्यास बुझाने के लिए जहां आवश्यक होगा वहां अपनी अंकुश लगायेंगे। क्योंकि हाथी जब रास्ते से भटकता है तो महावत उस पर अंकुश लगाता है। इस हाउस के महावत आप हैं और जो निरंकुश होगा वह पर अंकुश प्रभावी होगा ऐसी हमें आशा है। वैसे तो आज के दिन किसी को भी किसी पर प्रहार नहीं करना चाहिए था क्योंकि

आज प्रथम बार मिले हैं और आज समरसता और प्यार मुहब्बत के माहौल में ही हम जाना चाहते हैं लेकिन फिर भी जिन्होंने अपने व्यंग्य वाण छोड़े हैं उनसे मुखातिब होकर यह शेर पढ़ रहा हूं--

"वक्त को जिसने नहीं समझा,
उसे मिटना पड़ा है,
बच गया तलवार से तो फूल से कटना पड़ा है,
चाहे जितनी ही बड़ी हो चाहे जितनी ही कड़ी हो,
हर नदी की राह से चट्टान को हटना पड़ा है।"

इन्हीं शब्दों के साथ मैं सभी को साधुवाद देता हूं जिन्होंने सहयोगी माहौल बनाया है और आपके प्रति आदर भाव व्यक्त करते हुए हार्दिक बधाई देता हूं।

श्री अध्यक्ष–

श्री गौरी शंकर जी के लिये माननीय मुख्य मंत्री जी आभारी होंगी कि आपने इस सारे सदन के हाथी बना दिया।

(हंसी)

कोई निर्दलीय सदस्य अपने विचार रखना चाहें।

श्री दिवाकर विक्रम सिंह–

मान्यवर, व्यवस्था का प्रश्न है।

श्री अध्यक्ष–

आज के कार्यक्रम में व्यवस्था की बात कहां से आ गयी ?

श्री दिवाकर विक्रम सिंह–

सभी दल के नेता, माननीय नेता सदन और माननीय नेता प्रतिपक्ष सभी इस अवसर पर अपनी बधाई देते हैं। श्रीमन्, मैं यह जानना चाहूंगा कि उत्तर प्रदेश विधान सभा में समाजवादी गौरी शंकर नाम से कोई दल स्थापित हो गया है।

श्री अध्यक्ष–

जैसे आपने बोलने की इच्छा प्रकट की थी वैसे ही गौरीशंकर जी ने इच्छा प्रकट की थी।

मैं आज इस सारे सदन के प्रति अपना आभार प्रकट करता हूं कि मुझे दूसरी बार इस सदन का निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

इधर पिछले कुछ महीनों में, जो माननीय सदस्य निर्वाचित होकर आये थे, सबके मन में आशंकायें व्याप्त थीं कि विधान सभा का सत्र होगा या नहीं होगा। राष्ट्रपति शासन का कार्य काल बढ़ाने की मंजूरी संसद ने दी थी सर्वोच्च न्यायालय का क्या निर्णय होगा, अनेक प्रश्न सभी विधायकों के मन में थे। परन्तु, राजनीति के घटना क्रम के तेजी का मुकाबला करना मुश्किल है। इतनी तेजी से घटना क्रम ने मोड़ लिया कि आज हम सब विधान सभा के सदस्य के रूप में इस सदन में बैठे हुए हैं।

संसदीय व्यवस्था की विधान सभायें और संसद मेरुदण्ड होती हैं। यदि हम संसद और विधान सभाओं में अपने दायित्वों का पूर्णरूपेण निर्वहन करें तो इसमें कोई संदेह नहीं कि जनआकांक्षायें एक ओर मुखरित होकर सामने आयेंगी और जो भी सत्तारूढ़ दल होगा वह उन्हीं आकांक्षाओं की पूर्ति करने

नोट :– * वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

का प्रयास करेगा । आपने अपनी अभिव्यक्ति का माध्यम मुझे बनाया इसलिये मैं विशेष रूप से आभारी हूं ।

मैं स्वामी ओइमवेश जी का भी आभारी हूं कि आज उन्होंने अपने नामांकन को वापस लिया और जो एक स्वस्थ परम्परा चली आ रही थी उसको सुदृढ़ करने का कार्य किया । मुझे विश्वास है कि परिपाटी का कालान्तर में सभी दलों के द्वारा पालन किया जायेगा । एक स्थापित परम्परा के रूप में हम इसे स्वीकार कर रहे हैं और भावी पीढ़ी भी इसको स्वीकार करेगी । विधान सभायें गम्भीर विचार-विमर्श का माध्यम होती हैं । यहां विवाद नहीं होता । वैचारिक मत-भिन्नतायें हो सकती हैं । अपने-अपने दलों के दृष्टिकोण के हिसाब से माननीय सदस्यगण अपने विचार यहां पर व्यक्त करते हैं । किसी के मन में किसी के प्रति कटुता के भाव नहीं रहते हैं । उनके मन में जो दायित्व का अहसास होता है, उसी दायित्व को वह यहां पर मुखरित करने का प्रयास करते हैं ताकि सत्तापक्ष उनकी बात को समझे । साथ ही सत्तारूढ़ दल भी इस बात का प्रयास करता है कि विपक्ष भी उनके मनोभावों को और उनके दृष्टिकोण को समझे इसी से निकलता है समस्या का हल ।

विगत कुछ वर्षों में, न केवल उत्तर प्रदेश विधान सभा में बल्कि कुछ अन्य स्थानों पर भी कुछ ऐसी घटनायें हुई जो संसदीय लोकतंत्र के समर्थकों के लिए चिन्ता का विषय बन गयी है । मैं घटना का उल्लेख करना नहीं चाहता हूं । मैं केवल इतना कहना चाहता हूं कि जो लोग संसदीय परम्परा में विश्वास करते हैं, उनको एक कदम आगे आकर, संसदीय लोकतांत्रिक परम्परा को स्थायित्व प्रदान करने के लिए विधान सभा को संविधान विधि तथा प्रक्रिया नियमावली के अनुसार संचालन की दृष्टि से सहयोग करना चाहिए । इसके लिये सबके सहयोग की आवश्यकता होती है । मुझे विश्वास है कि इसमें आप सब लोगों का सहयोग मिलेगा । इस समय सदन में लगभग 180 माननीय सदस्य पहली बार चुनकर आये हैं । जो हमारे पुराने माननीय सदस्य हैं, मुझे पूरा विश्वास है कि वह उनको पूरा मार्गदर्शन देने का प्रयास करेंगे । विधान सभा की कार्यवाही किस प्रकार चले और किस प्रकार से चलाना चाहिए, इसका क्या उद्देश्य हैं और उनके दायित्व क्या हैं, इसका भली-भांति ज्ञानबोध उन्हें करायेंगे तभी हम विधान सभा की कार्यवाही सफलतापूर्वक संपादित कर सकते हैं ।

प्रत्येक संस्था का एक संस्थागत अनुशासन होता है । वह तभी रहता है जब जिन नियमों के अन्तर्गत उसका गठन हुआ है, उसी के अनुसार उसका कार्य होता है । कभी-कभी उसके अनुपालन में किसी का दृष्टिकोण किसी से टकरा जाय या किसी से सहमत न हो तो ऐसी स्थिति में उसे संस्थागत अनुशासन का अंग मानकर उसे स्वीकार कर लेना चाहिए । उससे किसी को कोई तकलीफ भी नहीं होगी और न ही कुंठा जागेगी ।

अध्यक्ष के रूप में कुछ काल तक पहले भी मुझे कार्य करने का अवसर मिला था । उसका उल्लेख करना इस समय उचित प्रतीत नहीं होता है परन्तु आप सभी लोगों से मैं कुछ अपेक्षा भी करूंगा । आप लोगों ने मुझे जो शुभकामनायें दी हैं और सहयोग भी दिया है, उसी शुभकामनाओं और सहयोग की मैं आप लोगों से अपेक्षा करूंगा ताकि अपने दायित्वों का निर्वहन करने में मैं सफल व सक्षम हो सकूं ।

निष्पक्षता किसी भी अध्यक्ष की प्रथम आवश्यकता होती है । मैं इसके लिए पूरा प्रयास करूंगा । हो सकता है कभी किसी मौके पर कुछ अप्रिय निर्णय लेना पड़े, हो सकता है उससे विपक्ष सहमत न हो या सत्ता पक्ष सहमत न हो, उसे आप मेरी मजबूरी नियमों की मजबूरी और अनुशासन की मजबूरी समझें । मैंने हमेशा दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कार्य किया है । कभी-कभी दलगत राजनीति और अनुशासन–दोनों में विरोधाभास हो सकता है । जब उनमें विरोधाभास होगा तब मेरा प्रयास होगा कि मैं संस्थागत अनुशासन का पालन करूं ।

कुंवर रेवती रमण सिंह जी ने अपेक्षा की है कि सदन अधिक दिनों तक कार्य करे । जब हम विपक्ष में बैठते थे तो यही आग्रह करते थे और जब सत्ता पक्ष में थे तो स्वयं सरकार से इस बात का आग्रह करते थे कि सदन अधिक से अधिक दिनों तक चले । नियमों के हिसाब से तो कम से कम 90 दिन सदन चलना चाहिए । मुझे विश्वास है कि माननीय मुख्य मंत्री जी अपनी कर्मठता और कार्यशैली का प्रमाण इस सदन को देने का प्रयास करेंगी । सदन अगर अधिक दिनों तक कार्य करता रहेगा तो प्रदेश की अनेक समस्यायें हल हो जायेंगी और माननीय सदस्यों को भी अपने विचार व्यक्त करने का अवसर मिल जायेगा । समय-समय पर प्रदेश की जानकारी भी मिल जायेगी । इसलिये मेरा भी निवेदन है कि इस दिशा में आप विचार करें । वैसे निर्णय तो आपको ही लेना है ।

कभी-कभी ऐसे भी उत्तेजना के क्षण आते हैं जब लोग भावुक हो जाते हैं । गम्भीर और संवेदनशील विषयों पर चर्चा होती है । मैं आपसे आग्रह करूंगा कि कृपया इस सदन में उत्तेजना का वातावरण पैदा न होने दें । यदि हम ऐसा न होने देंगे तो हम सब गम्भीर क्षणों में कोई ठोस निर्णय लेने की स्थिति में होंगे । मेरा आपसे अनुरोध है कि कृपया सौहार्द्रपूर्ण और भाईचारे का वातावरण इस सदन में रखें । मेरे सामने बहुत से पुराने और अनुभवी सदस्य बैठे हुए हैं और उन्हें नियमों की पूरी जानकारी है मैं उनसे आग्रह करूंगा कि वे मुझे पूरा सहयोग देंगे । मैं आप सभी लोगों का आभार प्रकट करता हूं । विभिन्न दलों के माननीय नेताओं का, नेता सदन, श्री राम आसरे पासवान जी, गौरीशंकर जी, प्रमोद कुमार जी, कुंवर रेवती रमण सिंह जी और अन्य सभी लोगों का कि आपने मुझे दोबारा निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया । लोगों के मन में जो आशंकायें थीं वह निर्मूल साबित हुई हैं । मुझे विश्वास है कि हम सब अपना कार्यकाल पूरा करेंगे ।

श्री प्रमोद कुमार–

मान्यवर, अगली बैठक कब होगी ?

श्री अध्यक्ष–

इसकी घोषणा कर दी जायेगी । अब हम उठते हैं ।

इसके बाद सदन की बैठक 4 बजकर 32 मिनट पर समाप्त हुई ।

लखनऊ :
दिनांक 27 मार्च, 1997

प्रेम चन्द्र सक्सेना,
सचिव, विधान सभा,
उत्तर प्रदेश ।

पी० एस० यू० पी०–एल० 55 विधान सभा (106)–1997–813(डी० टी० पी०) ।